## एक नजर में

### निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**आलीराजपुर।** निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जिले में प्रारंभ हो गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 नवम्बर 2025 से मतदान केन्द्रों पर नियुक्त बीएलओ (ब्लॉक लेवल ऑफिसर) द्वारा गणना फार्म वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह कार्य 4 दिसम्बर 2025 तक जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत वितरित गणना फार्म मतदाताओं से आवश्यक जानकारी भरवाकर वापस लिए जाएंगे। इस दौरान बीएलओ को गणना फार्म वितरण, प्राप्ति एवं मतदाताओं की सहायता हेतु जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका एवं कोटवार को वॉलेंटियर के रूप में नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर ने निर्देश दिए हैं कि सभी नियुक्त कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर बीएलओ एवं मतदाताओं को निर्वाचक नामावली से संबंधित कार्य में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें, जिससे पुनरीक्षण कार्य समय पर एवं सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**आलीराजपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कट्ठीवाड़ा ने ग्राम पस?टार तहसील कट्ठीवाड़ा के निवासी फतु पिता मेहर सिंह उम्र 23 वर्ष की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के तहत चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई । यह आर्थिक सहायता मृतक के वैध वारिश उसकी माँ झुकली पति मेहर सिंह को सौंपी जाएगी ।

### साजन नगर के खाटू श्याम मंदिर में दीप महोत्सव



**इंदौर.** साजन नगर में पूर्णिमा के पावन अवसर पर खाटू श्याम मंदिर में भक्तिभाव का अद्भुत दृश्य देखने को मिला. मंदिर परिसर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान खाटू श्याम जी की महा आरती में भाग लिया. दीपों की रोशनी से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा. आयोजन में महिलाओं और युवाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी आस्था व्यक्त की.

### लसोड निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**इंदौर.** श्री ओसवाल जैन साजना साथ श्री संघ के द्विवार्षिक अध्यक्षीय चुनाव संपन्न हुए. सर्वानुमति से पुखराज लसोड निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए. कार्याध्यक्ष अध्यक्ष सुनील पटवा नियुक्त किए गए. रितेश कटकानी सचिव नियुक्त किए गए. उक्त जानकारी चुनाव अधिकारी अशोक मेहता संजय मोगरा एवं बाबूलाल पिपलिया ने दी.

### साइकिल यात्रा से युवाओं को दे रहे प्रेरणा

**इंदौर.** इनमी के2के 5 हजार+ किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा है, जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाग्य प्रकाश द्वारा अकेले पूरी की जा रही है. यह यात्रा भाग्य प्रकाश, इनमी के प्रशिक्षक और साहसिक यात्रा प्रेमी अकेले पूरी कर रहे हैं. तीन महीने तक चलने वाली इस यात्रा में भाग्य दस राज्यों से होकर गुजर रहे हैं- अलग-अलग भौगोलिक और सांस्कृतिक परिदृश्यों का अनुभव करते हुए, जिज्ञासा, आत्मविश्वास और मानवीय जुड़ाव की परीक्षा लेते हुए. भाग्य की यह यात्रा इनमी लर्निंग की भावना को दर्शाती है. एक ऐसा संगठन जो 1996 से 10-17 वर्ष के बच्चों के लिए आउटडोर एडवेंचर अनुभव संचालित कर रहा है. इनमी का मूल उद्देश्य बच्चों को स्क्रीन और तकनीक की लत से दूर ले जाकर वास्तविक दुनिया से जोड़ना है. रोमांच और प्रकृति के माध्यम से बच्चे आत्मनिर्भरता, धैर्य और आत्मविश्वास सीखते हैं- वही मूल्य जो भाग्य की इस एकल यात्रा में झलकते हैं. भाग्य ने अपनी यात्रा 1 अक्टूबर को श्रीनगर से शुरू की, और अब तक चंडीगढ़, दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान और उत्तर भारत के कई हिस्सों से गुजर चुके हैं. रास्ते में उन्होंने स्कूलों और समुदायों से मुलाकात की, जहाँ उन्होंने अपने अनुभव साझा किए. भाग्य इंदौर भी पहुँचेंगे.

### फार्मा एमएसएमई प्रतिनिधिमंडल हैदराबाद रवाना

**इंदौर.** विश्व बैंक समर्थित भारत सरकार की रैम्प (रेज़िंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस) योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम (एमपीएलयूएन) एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा फार्मास्यूटिकल सेक्टर के एमएसएमई उद्यमों के प्रतिनिधियों के लिए एक एक्सपोज़र विज़िट का आयोजन हैदराबाद फार्मा एसईजेड क्लस्टर में किया गया है. इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर एयरपोर्ट पर फार्मा एमएसएमई प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कर उन्हें हैदराबाद के लिए रवाना किया। इस एक्सपोज़र विज़िट का उद्देश्य राज्य के फार्मा उद्योग से जुड़े सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को उन्नत उत्पादन तकनीकों, अनुसंधान एवं विकास प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण मानकों तथा वैश्विक औद्योगिक प्रथाओं से परिचित कराना है, जिससे वे अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सशक्त कर सकें और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ बना सकें. समन्वय हेतु एमपीएलयूएन से अनिल थागले (डिप्यूटी सीजीएम), मिहिर आनंद (कंसल्टेंट, रैम्प सेल) तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग से संयुक्त निदेशक श्री मण्डलोई, जीएम जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र स्वप्निल गर्ग और जयंती टैगोर उपस्थित रहे. पीएचडीसीसीआई की ओर से असिस्टेंट रेज़िडेंट डायरेक्टर अनिरुद्ध दुबे ने प्रतिनिधिमंडल के साथ समन्वय का दायित्व संभाला.

### मेक मायट्रिप ने दिखाया भारत का बढ़ता ट्रैवल फुटप्रिंट

**इंदौर.** मेकमायट्रिप के पहले 'ट्रैवल का मुहूर्त' (29 अक्टूबर से 3 नवंबर) के शुरुआती छह दिनों के रुझान बताते हैं कि भारतीय यात्री अब पहले से फ्लाइट्स की योजना बना रहे हैं, नई जगहों की खोज के साथ प्रीमियम होटलों को प्राथमिकता दे रहे हैं और आकर्षक डील्स व ऑफर्स के ज़रिए बचत के अवसरों की तलाश कर रहे हैं. साल के अंत की फ्लाइट्स की अग्रिम बुकिंग दोगुनी हो गई है. घरेलू स्तर पर यात्रियों ने भारतभर में फ्लाइट्स बुक कीं, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बुकिंग्स 115 देशों के 362 एयरपोर्ट्स तक फैलीं. स्टे के मोर्चे पर, अंतरराष्ट्रीय आवास बुकिंग्स 109 देशों के 834 शहरों में स्थित 7,911 यूनिक प्रॉपर्टीज़ को कवर करती हैं. घरेलू स्तर पर यात्रियों ने 1,441 भारतीय शहरों में 40,038 यूनिक प्रॉपर्टीज़ बुक कीं. मेकमायट्रिप के सह-संस्थापक एवं समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश मागोने कहा यह देखना उत्साहजनक है कि यात्री पहले से योजना बना रहे हैं और अधिक सोच-समझकर निर्णय ले रहे हैं. 'ट्रैवल का मुहूर्त' के माध्यम से हमारा उद्देश्य ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करना है जो पूरे इकोसिस्टम – यात्रियों, पार्टनर्स और उद्योग – सभी के लिए लाभकारी साबित हो.

### फ्लिपकार्ट ने ऑनलाइन शॉपिंग के सुरक्षित सुझाव दिए

**इंदौर.** ऑनलाईन शॉपिंग भारत में लाखों लोगों के जीवन का तरीका बन गई है। इसलिए सतर्क रहना बहुत आवश्यक हो चुका है। साईबर धोखेबाज लगातार अपने तरीकों में सुधार कर रहे हैं, वो नकली वेबसाईट, स्कैम कॉल्स और मैलिशियस ऐप्स बनाते हैं, जो भोले-भाले ग्राहकों को भ्रमित करके उन्हें चूना लगा देते हैं. इन खतरों से ग्राहकों की सुरक्षा करने के लिए फ्लिपकार्ट ने ऑनलाईन शॉपिंग करते वक्त रखने वाली सावधानियों की एक गाईडलाइन जारी की है. यह गाईड अपने फ्लिपकार्ट खाते और डेटा को सुरक्षित रखने के लिए सरल और प्रभावशाली उपाय बताती है. सुरक्षित रहने और क्लिक करने से पहले ही स्कैम को पहचानने के कई उपाय हैं. इसके अंतर्गत स्कैम कॉल्स और सोशल इंजीनियरिंग से सावधान रहें. इसमें यदि कोई आपसे कहे कि वह फ्लिपकार्ट से बात कर रहा है और ऐप को इंस्टॉल करने या संवेदनशील जानकारी (ओटीपी, पिन, सीवीवी) देने के लिए कहे, तो कोई जवाब नहीं दें.

# प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया के प्रभावी रोकथाम पर विस्तृत चर्चा की

▶ महिला एवं बाल विकास मंत्री भूरिया ने राज्यपाल से की सौजन्य भेंट

**झाबुआ। मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने 6 नवंबर, गुरूवार को मप्र की राजधानी भोपाल स्थित राजभवन में मप्र के राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान केबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया ने महामहिम राज्यपाल श्री पटेल का भव्य पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय अभिनंदन किया। बाद महामहिम राज्यपाल से मंत्री सुश्री भूरिया ने प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया के प्रभावी रोकथाम हेतु विस्तार से बातचीत की।**



मप्र के राज्यपाल पटेल से मंत्री सुश्री भूरिया की यह भेंट करीब 15-20 मिनिट की रहीं। जिसमें मंत्री सुश्री भूरिया न राज्यपाल का आत्मीय अभिनंदन करने के साथ उनसे प्रदेश में सिकल सेल जैसी गंभीर एवं जानलेवा बिमारी से किस तरह रोकथाम हो सके, इस संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंटवार्ता में राज्यपाल पटेल ने बताया कि यह बिमारी मुख्य रूप से व्यक्ति के शरीर में रक्त की कमी से होती है और इसमें ग्रसित रोगी का शरीर धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। यह अत्यंत ही गंभीर एवं खतरनाक बिमारी है। इसके रोकथाम के लिए मप्र एवं केंद्र सरकार को मिलकर सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। साथ ही विशेष रूप से स्वास्थ्य महकमे को इस बिमारी के लक्षण, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। सभी के सामूहिक प्रयासों से सिकल सेल जैसी जानलेवा बिमारी से रोकथाम संभव है।

साथ ही इस बिमारी ग्रसित रोगियों को समय पर एवं नियमित उपचार मिलने से मरीज जल्द स्वस्थ भी हो सकता है।

**जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा**

महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि प्रदेशभर में महिलाओं एवं विशेषकर बच्चों को सिकल सेल एनीमिया से रोकथाम के लिए मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इसके लिए जन-जागरूकता और प्रचार-प्रसार संबंधी कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। मंत्री सुश्री भूरिया की महामहिम राज्यपाल श्री पटेल से सौंहादपूर्ण वार्ता में इस अभियान के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

## 9 से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का होगा आयोजन

▶ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा



**झाबुआ। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ श्रीमती विधि सक्सेना के निर्देशानुसार 9 से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह-2025 का आयोजन किया जाएगा।**

जानकारी देते हुए जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयदेव माणिक ने बताया कि इसका उद्देश्य विधिक जागरूकता को बढ़ावा देना, विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी का प्रचार-प्रसार करना और समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गो के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चत करना है। 9 नवंबर को विधिक जागरूकता प्रदर्शनी एवं मैराथन दौड़ के माध्यम से न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा। 10 नवबंर को जिला जेल में पैरालीगल वालेंटियर एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सहयोग से बंदियों को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी एवं मामलों की प्रगति से अवगत करवाया जाएगा।

11 नवंबर को विश्व शिक्षा दिवस के अवसर पर स्थानीय विद्यालय एवं महाविद्यालयों में निबंध, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 12 नवबंर को श्रमिक एवं ग्रामीण बस्तियों में पैरालीगल वालेटियर्स द्वारा विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन होगा। 13 नवबंर को बाल संस्थाओं में देखरेख निरीक्षण एवं जागरूकता शिविर के आयोजन किए जाएंगे। अंतिम दिवस 14 नवबंर को बाल दिवस के अवसर पर स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन एवं बाईक, साईकल रैली आयोजन के साथ न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह-2025 का समापन होगा।

## बहादुर सागर तालाब के घाट पर मातृ शक्तियों ने दीप प्रज्जवलन के साथ सामूहिक महाआरती की

*घाट की सफाई कर आसपास सज्जा की गई*



**झाबुआ।** शहर के वार्ड क्रमांक-1 की पार्षद रेखा अश्विन शर्मा के प्रयासों से प्रथम बार शुक्ल पक्ष की कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय कॉलेज मार्ग स्थित बहादुर सागर तालाब के छतरी घाट पर शहर की महिलाओं ने संध्याकाल घाट पर दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक महाआरती का भव्य आयोजन किया। इस हेतु दोनों घाट (महिला घाट एवं छतरी घाट) पर साफ-सफाई करवाकर आसपास लगी जालीयों को मालाओं से सजाया गया और धर्मालुजनों के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी की गई। सांयकाल भगवान की महाआरती घाट पर उपस्थित मातृ शक्तियों द्वारा भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा अश्विन शर्मा के नेतृत्व में उतारी गई। कार्यक्रम पश्चात उपस्थित धर्मालुजनों ने तालाब की सफाई, विद्युत व्यवस्था सहित सामूहिक महाआरती के इस भव्य आयोजन के लिए वार्ड पार्षद श्रीमती शर्मा का आभार माना। वहीं वार्ड पार्षद रेखा शर्मा ने भी समस्त मातृ शक्तियों एवं धर्मालुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## कार्तिक पूर्णिमा पर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर एवं श्री प्राणरक्षक हनुमान मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव

▶ श्री सिद्धपीठ भैरव मंदिर पर दीपकों से हुई सज्जा



**झाबुआ। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शहर के तुलसी गली स्थित अतिप्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर एवं ग्राम करड़ावद बड़ी स्थित प्राचीन श्री प्राणरक्षक हनुमान मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। शहर के रातीतालई स्कूल के समीप श्री सिद्धपीठ भैरव मंदिर पर कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष में रात्रि में दीप सज्जा की गई।**

तुलसी गली स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर संध्याकाल मंदिर पर सजावट के साथ श्री खेड़ापति हनुमानजी का सुंदर श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाया गया। बाद महाआरती का आयोजन हुआ। महाप्रसादी के रूप में भक्तों को अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। संपूर्ण आयोजन में मंदिर समिति से जुड़े सभी सदस्य, अरोड़ा समाजजन एवं शहर के भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्री प्राणरक्षक हनुमान मंदिर पर मंदिर से जुड़े भक्तजनों ने श्री प्राणरक्षक हनुमानजी का सुंदर श्रृंगार कर भगवान को छप्पन भोग लगाया। बाद महाआरती कर प्रसादी के रूप में छप्पन भोग का वितरण हुआ। इसी प्रकार शहर के रातीतलाई स्कूल के समीप श्री सिद्धपीठ भैरव मंदिर पर कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष में भगवान का श्रृंगार कर दीपकों से सजावट हुई। मंदिर के सेवक हर्ष सक्सेना ने बताया कि रात 8.30 बजे भगवान की आरती एवं प्रसादी का आयोजन हुआ।

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वर्षभर में चार चरणों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

**आलीराजपुर** । राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ को देश भर में 07 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय निश्चित ही भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत की भूमिका और इसकी स्थायी सांस्कृतिक विरासत के महत्व को प्रदर्शित करता है। वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत वर्षभर विविध गतिविधियां चार चरणों में होगी । प्रथम चरण 07 से 14 नवम्बर 2025 (शुभारंभ), द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण 01 से 07 नवम्बर 2026 (समापन सप्ताह) में व्यापक रूप से आयोजित किया जाएगा । इस आयोजन में सभी स्तरों पर आम नागरिकों की सहभागिता के साथ-साथ विद्यालयीन-महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएँ, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, पुलिसकर्मियों, डॉक्टर्स, शिक्षकों, व्यवसायीगण एवं अन्य सभी प्रकार के सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल ने बताया कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला स्तर पर कार्यक्रम प्रात: 9:30 बजे कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हॉल में जनप्रतिनिधि ,शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा साथ ही विकासखंड स्तर में वंदे मातरम गायन का आयोजन भी किया जाएगा ।

**एक नजर** ▶ करड़ावद में अखिल भारतीय गुजराती बलाई समाज युवा संघ का दीपावली मिलन समारोह

## एक अकेला व्यक्ति समाज में कुछ नहीं कर सकता है संगठन जरूरी : सोलंकी



**करड़ावद.. बुधवार को अखिल भारतीय बलाई समाज युवा संघ का दिपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात समस्त समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला एवं श्रीफल से किया गया। इसके साथ ही संगठन के पदाधिकारी के द्वारा समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों का भी स्वागत व सम्मान के साथ साथ समाज के सेवानिवृत्ति कर्मचारी एवं अधिकारियों का शील्ड मोमेंट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं कक्षा 10वीं एवं 12वीं मैं अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान शील्ड मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अपने-अपने विचार समाज के के इस कार्यक्रम में रखे गए । कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त जिला एवं तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुजराती बलाई समाज युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सोलंकी, विशेष अतिथि युवा संघ प्रदेश अध्यक्ष छोटेलाल डोडिया के द्वारा समाज में व्यापक पूर्तियों को दूर कर समाज विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की बात कही तथा उन्होंने कहा कि हमें समाज के विकास के साथ-साथ हमें बच्चों में अच्छी शिक्षा, संस्कार, समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर समाज कमजोर लोगों को सहयोग प्रदान कर उनके विकास में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए ताकि समाज के साथ-साथ उन लोगों का भी विकास हो सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एक अकेला व्यक्ति समाज में कुछ नहीं कर सकता क्योंकि जब तक हम संगठित होकर एक संगठन के माध्यम से समाज में जो विकासशील योजना लागू कर सके तभी उनका विकास संभव है.। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे युवा संघ के जिला अध्यक्ष रमेशचंद्र सोलंकी ( पत्रकार), स्वागत भाषण युवा संघ जिला प्रभारी मनोज परमार द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा संघ प्रदेश संगठन मंत्री मनीष चौहान द्वारा किया गया एवं आभार युवा संघ तहसील अध्यक्ष अनुज धानक ने मना । इस मौके पर अंबाराम बामनिया, नारायण मकवाना, बलदेव मकवाना,अशोक गुजराती, गोकुल बघेल, नरेंद्र परमार, विट्ठल धानक, सुभाष वर्मा,अशोक वर्मा, भरतलाल हरोड़, किशोर सोलंकी, ममता गुजराती, मिथिलेश टंडावी, समरथमल वर्मा,जगदीश सोलंकी, राजेंद्र सोलंकी, राजाराम बामनिया, जितेन्द्र सोलंकी,रवि राठौर, बंटू सालवी, भेरूलाल बामनिया, विजय परमार, सोनू वर्मा, श्याम सालवी, संजय मकवाना, सुरेश सालवी, भावेश चौहान, प्रकाश गोयल, मोहनलाल टंडावी, शकुंतला सोलंकी, राजकुमारी चौहान(नेहा), भंवरलाल परमार, मनीष पवार, गणेश बामनिया आदि मौजूद थे।* कार्यक्रम का संचालन युवा संघ प्रदेश संगठन मंत्री मनीष चौहान तथा कार्यक्रम का आभार युवा संघ तहसील अध्यक्ष अनुज धानक ने माना।